प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 19.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. आयुष्मान भारत योजना में झारखंड को मिला पहला स्थान, रांची का सदर अस्पताल बना पूरे देश के लिए रोल मॉडल।
2. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा – सामाजिक दायित्वों में लापरवाही बरतने वाले बैंकों में अब नहीं रखा जाएगा सरकारी पैसा।
3. राज्य की छात्राओं के लिए बड़ी खुशखबरी, अब सभी प्रोफेशनल कोर्स के लिए मिलेगी मानकी मुंडा छात्रवृत्ति।
4. 24 जिलों के 560 केंद्रों पर शांतिपूर्वक शुरू हुई जेपीएससी सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम।
5. थाईलैंड में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, देश के लिए जीते 10 स्वर्ण और चार कांस्य पदक

**********************

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए झारखंड को देशभर में प्रथम स्थान मिला है। पुणे में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर में झारखंड को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। इस सफलता के साथ ही रांची का सदर अस्पताल पूरे देश के लिए एक मिसाल बनकर उभरा है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, एनएचए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुनील वर्णवाल ने अन्य राज्यों से भी रांची सदर अस्पताल की कार्यशैली को अपनाने और उससे सीखने की अपील की।

**********************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि जो बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में सीएसआर के बेहतर कार्य नहीं करेंगे उन बैंकों में राज्य सरकार अपना पैसा नहीं रखेगी। उन्होंने बताया कि ऐसे बैंकों को चिन्हित कर लिया गया है। श्री किशोर ने रांची में मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि अगर सभी बैंक अपना सामाजिक दायित्व ईमानदारी से पूरा करेंगे तो झारखण्ड को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता।

**********************

राज्य सरकार ने मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ाते हुए अब इंजीनियरिंग और डिप्लोमा के साथ–साथ सभी प्रोफेशनल कोर्स करने वाली छात्राओं को इसमें शामिल कर लिया है। इस योजना के तहत अब राज्य की 15 हजार छात्राओं को लाभ मिलेगा, जिसमें डिप्लोमा के लिए 15 हजार और स्नातक स्तर के प्रोफेशनल कोर्स के लिए 30 हजार रुपये सालाना दिए जाएंगे। खास बात यह है कि अब मैनेजमेंट, फार्मेसी और एआई जैसे आधुनिक कोर्स की छात्राओं के साथ–साथ दूसरे राज्यों से पढ़कर आईं झारखंड की स्थानीय छात्राएं भी इसके लिए पात्र होंगी।

**********************

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने आज सुबह देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में विधि–विधान से पूजा–अर्चना और जलाभिषेक किया। इधर, झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश महेश शरदचन्द्र सोनक ने भी आज सपरिवार बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना की।

**********************

पाकुड जिले में सरकार की योजनाओं से महिला सशक्तीकरण की एक नई कहानी लिखी जा रही है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अक्षय तृतीया के अवसर पर नागरिकों को शुभकामनाएँ दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह त्योहार पुण्य कर्म, दान और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को परशुराम जयंती की भी शुभकामनाएँ दी हैं।

**********************

जेपीएससी की ओर से झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज राज्य भर में कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित की जा रही है। राजधानी रांची के 96 केंद्रों समेत पूरे प्रदेश में प्रशासन मुस्तैद है और परीक्षा केंद्रों

के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। यह परीक्षा दो पालियों में संचालित हो रही है, जिसमें अभ्यर्थियों की सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया।

**********************

पश्चिमी सिंहभूम स्थित सारंडा जंगल में नक्सल विरोधी अभियान के बीच पांच जवानों को बीमार हो जाने की वजह से रांची लाया गया है। इनका रांची के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सारंडा के दुर्गम और मच्छर प्रभावित इलाकों में नक्सलियों के खिलाफ अभियान के दौरान ये जवान तेज बुखार की चपेट में आ गए हैं। हालांकि, जवानों की स्थिति खतरे से बाहर है। इधर, सीआरपीएफ के स्पेशल डीजी दीपक कुमार ने बचे–खुचे नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की है। सारंडा में उन्होंने कहा कि अगर नक्सली सरेंडर नहीं करेंगे तो वे मारे जाएंगे।

**********************

चतरा जिले के नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने कहा है कि अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री नैथानी पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इधर, पाकुड़ जिले के नए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने आज अपना कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले में विधि व्यवस्था को मजबूत बनाये रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

**********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 42 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 68 हजार रूपये प्रति किलो है।

**********************

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नागरिकों से अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेने और स्वस्थ यकृत तथा स्वस्थ भविष्य के लिए प्रतिदिन बेहतर विकल्प चुनने का आह्वान किया। विश्व यकृत दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री नड्डा ने कहा कि लीवर को स्वस्थ रखने में पौष्टिक भोजन, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और शारीरिक रूप से सक्रिय रहने जैसी सरल आदतों का विशेष महत्व है।

**********************

थाईलैंड में आयोजित वर्ल्ड मास्टर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए 10 स्वर्ण और चार कांस्य पदक जीत लिए हैं। प्रतियोगिता में मेरी मंजनी, अशोक महतो, लक्ष्मण राम, दशरथ महतो और अनु सिंह समेत कई खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में पदक हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया है।

**********************

बोकारो के चंदनक्यारी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू हुई 15वीं झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रांची के खिलाड़ियों ने शानदार आगाज़ किया है। प्रतियोगिता के पहले दिन लंबी कूद में रांची के अभिनय मिंज और महिला शॉटपुट में श्रुति ने अपनी ताकत का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

***************